हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 5 मार्च 2024

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

11 संसद में पारित नए कानून से अवगत हुआ पुलिस महकमा



12 63 बच्चों को पिलाई गई पोलियो की खुराक





# हिट एंड रन : दुर्घटना के बाद फरार ट्रक चालक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले के पलारी ब्लाक में कुछ दिनों पहले हिट एंड रन का मामला सामने आया था। एक ट्रक ड्राइवर ने बाइक सवार भाई-बहनों को ठोकर मार दी थी। हादसे में एक युवती की मौके पर मौत हो गई, वहीं दो अन्य गंभीर रूप से घायल हुए थे। मामले की जांच के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायलय में पेश किया। केंद्र के नए कानून के तहत आरोपी को दस साल की जेल हो सकती है।

विदित हो कि, पलारी में 28 फरवरी को एक ट्रक ड्राइवर ने बाइक सवार भाई-बहनों को ठोकर मार दी थी। इस हादसे में 20 वर्षीय युवती डिंपल पांडे की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसकी चचेरी बहन और भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर ट्रक ड्राइवर राजेश साहू 22 वर्ष मौके पर से फरार हो गया।

**सजा मिली तो पहला केस छत्तीसगढ़ का :** जानकारी के अनुसार, वे तीनों बड़ी बहन की शादी के लिए सामान खरीदने जा रहे थे, लेकिन इस दौरान हादसे का शिकार हो गए। मामले की जांच में आरोपी की तलाश कर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल उसे न्यायलय में पेश किया गया है। नए हिट एंड रन के कानून के तहत आरोपी को दस साल की जेल हो सकती है। अगर ऐसा होता है तो यह हिट एंड रन कानून का प्रदेश में पहला मामला होगा।

## शादी की खरीददारी करने निकले भाई-बहन हुए थे दुर्घटना का शिकार

### शादी की खुशी मातम में बदली

सड़क हादसे में घायल दुर्गेशनदनी पिता रमेश तिवारी का छोटा भाई दिनेश की शादी 2 मार्च को थी, जिसकी तैयारी में खरीदी करने दुर्गेशनदनी अपने चाचा की बेटी डिंपल और बुआ का बेटा अंशु के साथ बाइक पर मार्केट जा रही थी, तभी ये हादसा हुआ। घटना के बाद घर में मातम छा गया था।





### घटना देख भागा था ड्राइवर

थाना प्रभारी पलारी शशांक सिंह अपनी टीम के साथ तत्काल घटना स्थल पहुंचे और शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए पलारी भेजा गया। वहीं ट्रक को जब्त कर लिया गया था। घटना को देख ट्रक ड्राइवर फरार हो गया। घटना स्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन पहुंचे थे।

## आकाश झूला, ड्रेगन व टोरा-टोरा झूला, मीना बाजार और वाटर फाल आकर्षण का केंद्र

# माघी मेला में उमड़ा जनसैलाब पड़ोसी राज्यों से भी पहुंच रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी



24 फरवरी से 8 मार्च तक चलने वाले 15 दिवसीय विशाल शिवरीनारायण माघी मेला इन दिनों अपने पूरे शबाब पर हैं। रविवार के दिन अवकाश होने के कारण हजारों की संख्या में लोग मेला देखने दूर-दूर से पहुंचे। मेला में आसपास लोगों का जन सैलाब चारों ओर दिखाई पड़ रहा था। लोग छुट्टी का दिन होने के कारण सुबह से अपने परिवार के साथ मेले में पहुंचने लगे थे। मेले की सभी गलियों में भीड़ दिखाई पड़ रही थी। लोगों ने मेले का जमकर लुफ्त उठाया।शिवरीनारायण मेले में आने वाले लोगों ने भगवान शिवरीनारायण का दर्शन कर मेले में खरीददारी की। इस वर्ष मेले में लोगों के मनोरंजन के लिए 2 मौत कुंआ, 3 बड़े आकाश झूला, ब्रेक डांस झूला, ड्रेगन झूला, टोरा टोरा झूला, प्रिसबी झुला, मीना बाजार, टूरिंग टॉकिज, बच्चों के लिए वाटर फाल आदि आए हुए हैं। मेले में बच्चों को आकर्षित करने के लिए विभिन्न किस्म के झूले लगे हुए हैं, जिसमें बच्चे मस्ती करते नजर आए। शिवरीनारायण मेले में लोगों के मनोरंजन के साथ-साथ समानों की खरीददारी के लिए कपड़ा दुकान, सोने चांदी की दुकानें, हॉटल, बर्तन दुकान, मनिहारी दुकान, फल दुकान, जनरल दुकान, ऊखरा दुकान आदि बड़ी संख्या में आए हुए हैं। शिवरीनारायण मेले में आसपास जिलों के साथ दूसरे राज्यों से जैसे उड़ीसा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान के लोग पहुंचते हैं। मेले में लोग अपनी जरूरत के सामानों की खरीदी करते हैं। मेले में उमड़ रही भीड़ को देखते हुए लोगों की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन की टीम मुस्तैदी के साथ जुटी हुई हैं। वहीं पेट्रोलिंग टीम बढ़ाई गई हैं। मेले के अलग-अलग क्षेत्रों में पेट्रोलिंग पार्टियां गस्त कर रही हैं। मेले के मुख्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी जारी हैं। नगर पंचायत द्वारा मेले में साफ सफाई के लिए सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई गई हैं। मेला प्रवेश द्वार पर पुलिस बल तैनात किए गए हैं। मेले में उमड़ रही भीड़ को देखकर मेले में दुकान लगाने वाले दुकानदार उत्साहित हैं।

### नौका विहार का बढ़ा क्रेज

मेला देखने आने वाले लोग महानदी में नाविकों द्वारा चलाए जा रहे नौका विहार का लुफ्त उठा रहे हैं। बैराज के गेट के बंद होने की वजह से इन दिनों महानदी में 10 फीट से अधिक पानी होने के कारण लोग नौका विहार का आनंद उठा रहे हैं। नाविकों द्वारा नाव में बैठने वाले सभी लोगों को लाइफ जैकेट की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही हैं। मेले को देखते हुए लोगों ने बड़ी संख्या में नाव महानदी में उतारी है। नौका विहार से नाविक अच्छी आमदनी अर्जित कर रहे हैं। इसके साथ ही युवाओं को रोजगार भी मिला है।

# वृद्ध की हत्या के आरोपी युवक को भेजा गया जेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

अभियान सृजन के तहत भाटापारा ग्रामीण पुलिस ने हत्या के आरोपी ग्राम तरेंगा निवासी 28 वर्षीय टीकाराम ऊर्फ रॉकि पटेल पिता उमेराम पटेल को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक लकड़ी का डण्डा और कपड़ा जब्त किया है।

पुलिस ने बताया कि सोमवार को सुबह लगभग 6.30 बजे योगेश मुर्ति अग्रवाल गांव के नैय्यापार तालाब में मार्निंग वाक कर रहा था, उसी समय गांव की परेटन बाई फेकर अन्य कुछ महिलाओं के साथ तालाब में नहा रही थी कि इसी बीच गांव का टीकाराम ऊर्फ रॉकी पटेल अपने हाथ में डण्डा लेकर आया और योगेश मुर्ति अग्रवाल को हत्या करने की नियत से उसके सिर पर ताबड़तोड़ मारने लगा, जिससे योगेश मुर्ति जमीन पर गिर गया। परेटन बाई फेकर द्वारा हल्ला करने पर टीकाराम ▶▶ शेष पेज 11 पर

### आरोपी के कब्जे से लकड़ी का डण्डा और कपड़ा जब्त

जांच के दौरान आरोपी टीकाराम उर्फ रॉकि की तलाश की गई, जो गांव में ही मिला, जिसे अभिरक्षा में लेकर पुछताछ करने पर अपना जुर्म कबूल किया। आरोपी टीकाराम उर्फ रॉकि 28 साल ने अपने बयान में बताया कि मृतक शैलेंद्र मूर्ति अग्रवाल उसे अक्सर सिर पर बेवजह मारकर गाली गलौज करता था, जिससे उसे काफ़ी गुस्सा आता था। मना करने पर भी नहीं मानने के कारण उसने घटना को अंजाम दिया। आरोपी के मेमोरण्डम कथन और निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक लकड़ी का डण्डा एवं घटना के समय पहने कपड़े को आरोपी द्वारा पेश करने पर गवाहों के समक्ष जब्त किया। विवेचना एवं संकलित साक्ष्य के आधार पर आरोपी को धारा 302 भा द वि के तहत गिरफ्तार कर सोमवार को ज्युडिशियल रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

## खबर संक्षेप



### असिस्टेंट प्रोफेसर बनने पर कर्मवीर का स्वागत

**बलौदाबाजार।** भारतीय जनता पार्टी बलौदाबाजार वरिष्ठ नेता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य टेंसुलाल धुरंधर के पुत्र कर्मवीर धुरंधर का चयन दिल्ली विश्वविद्यालय डी यु में अस्टिटेंट प्रोफेसर के पद में नियुक्त होने पर बलौदाबाजार क्षेत्र में हर्ष है। विदित हो कि कर्मवीर प्राथमिक शिक्षा से ही मेधावी छात्र रहा है। इनके माता पिता और भाई सभी शिक्षा जगत से जुड़े है और क्षेत्र में अनेक शैक्षणिक संस्थान में अपनी सेवा देते रहे हैं। कर्मवीर की नियुक्ति पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े, जिला भाजपा महामंत्री कृष्णा अवस्थी, नरेश केशरवानी, नीलम सोनी, उमेश बाजपेयी, सुनीता वर्मा, रितेश श्रीवास्तव, संकेत शुक्ला, डोमन वर्मा, पुरुषोत्तम साहू, दिनेश साहू, मणिकांत मिश्रा, धनंजय साहू, राहुल सोनी, अंजय श्रीवास, प्रणव अवस्थी, शांति लाल पात्रे, संतोष शर्मा, रजनी केशरवानी, रीटा केशरवानी, सोहन साहू आदि ने हर्ष जताया है।

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। सरायपाली थाने में प्रार्थी जागेश्वर जायसवाल पिता फिरू राम (38) वार्ड नं. 07 झिलमिला ने आरोपी बिल्लू नाम के युवक पर चेक पोस्ट शिव मंदिर के पास पुरानी रंजिश की बात को लेकर गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी युवक पर धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### जान से मारने की धमकी, रिपोर्ट दर्ज

**महासमुंद।** पटेवा थाना अंतर्गत श्याम नगर झलप में एक युवक के साथ तीन लोगों द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी सुनील कुलदीप, राकेश राठौर, महिमा राठौर निवासी झलप ने प्रार्थी रोशन सिंह पिता इंदर सिंह (31) के साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मारी, एक घायल

**महासमुंद।** तुमगांव थाना अंतर्गत बोसहत होटल के सामने ट्रैक्टर सीजी 06 एचए 0612 के चालक ने प्रार्थी जितेंद्र यादव पिता घनश्याम यादव (27) निवासी बेलटुकरी के जीजा के छोटे भाई हिरावन की बाइक सीजी 06 जीवाय 9958 को टक्कर मार दिया। जिससे हिरावन को चोटें आई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### दो लोगों के पास से महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** सांकरा थाना पुलिस ने महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि परमेश्वर यादव पिता मगन यादव (30) ग्राम जेराभरन के घर से अवैध रूप से महुआ शराब 4000 एमएल कीमत 800 रुपए को जब्त किया है। इसी तरह पिथौरा पुलिस ने जितेंद्र साहू पिता देवीदयाल साहू (37) ग्राम धनोरा के पास से 3000 एमएल महुआ शराब कीमत 600 रुपए को बरामद किया है। अवैध शराब की बरामदगी पर से आरोपियों पर धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट से अपराध कायम कर कार्रवाई किया है।

# महिला सम्मान एवं खेलकूद स्पर्धा कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- कलेक्टर ने तैयारी के लिए अधिकारियों को दिए जरुरी निर्देश

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आगामी 6 मार्च को बलौदाबाजार के दशहरा मैदान में महिला सम्मान एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए ▶▶ शेष पेज 11 पर




### रंगोली एवं चित्रकला प्रदर्शनी का होगा आयोजन

महिला सम्मान एवं खेलकूद प्रतियोगिता में विभिन्न खेल प्रतियोगिता के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम, रंगोली एवं चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा। इसके साथ ही महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य तथा शिक्षा विभाग की महिलाओं को सम्मानित भी किया जाएगा। बैठक में सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी, जनपद सीईओ एवं सीएमओ उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय मैराथन दौड़ में दैविक और हिमानी प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



विगत दिवस जिला स्तरीय मैराथन दौड़ बलौदाबाजार जिले के पलारी विकासखंड अंतर्गत ग्राम गिर्रा में हुई। इसमें महेन्द्र मोनू साहू प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा ओबीसी मोर्चा, प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य बलौदाबाजार शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम में कहा कि हमें शरीर को स्वस्थ रखने दौड़, खेल में भाग लेना चाहिए, जिसमें शारीरिक, मानसिक जैसे विभिन्न प्रकार के विकास सम्भव है। दौड़ से रक्तचाप नियंत्रित रहता है, प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है, हड्डियां मजबूत होती है। मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में विजेता उपविजेता सहित समस्त प्रतिभागियों को बधाई दी।

जिला स्तरीय मैराथन दौड़ में पुरुष वर्ग में प्रथम दैविक साहू, द्वितीय दिवाशु यादव, तृतीय कोमल चंद्राकर रहे तथा महिला दौड़ में हिमानी साहू प्रथम, भावना धीवर द्वितीय, नीलम तृतीय स्थान पर रहे इन्हें मेडल एवम मोमेंटो एवम सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

उक्त अवसर पर हेमा रोहित साहू सभापति जनपद पंचायत पलारी, सरपंच खिलेश्वरी लहरी, ईश्वर साहू ब्लाक नोडल अधिकारी, जिला कब्बड्डी संघ से अध्यक्ष धीरज बाजपेयी, सचिव मोरित कुमार ध्रुव, रेसर प्रदीप यादव बबलू धीवर, सहसचिव संतोष ध्रुव, चेतन पुरैना, रामप्रताप मनहरे सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित थे।

## सीएमएचओ ने छात्रों को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

# खून की कमी से बच्चों का शारीरिक विकास बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव



विकासखंड बिलाईगढ़ के शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला भटगांव में जिले एवं विकासखंड के चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रधान पाठक तुलसी बाई मनहरे ने डॉक्टरों एवं कर्मियों का परिचय कराया।

जिला के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एफआर निराला ने स्वास्थ्य जागरूकता के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि स्कूल के बच्चों में रक्त अल्पता मतलब खून की कमी होने की सर्वे रिपोर्ट है, जिसमें 6 माह से 5 वर्ष के बच्चे, 6 वर्ष के 10 वर्ष तक के बच्चों में खून की कमी और 10 वर्ष से 19 वर्ष तक के स्कूली छात्र-छात्राओं में रक्त अल्पता देखी गई। रक्त अल्पता के कारण अनेक है जिसमें एक है भोज्य पदार्थ में आयरन की कमी। आयरन की कमी से शरीर का विकास बाधित होता है, दिमाग में कमी, सोचने, सीखने की क्षमता कम होती है। याददाश्त में कमी, दिमाग एकाग्र नहीं हो पाने से स्कूल के बच्चों की रिजल्ट प्रभावित होता है। कुछ बच्चों में संतुलित आहार नहीं मिलने से भी विटामिन की कमी से बीमारियां होती है। इस कारण संतुलित आहार पर जोर दिया गया। कुछ बच्चों में सिकलसेल नामक बीमारी होती है। ये आनुवांशिक बीमारी है जो माता पिता से बच्चों में ट्रांसफर होती है। है।

### शादी के समय सिकलसेल रिपोर्ट का मिलान जरुरी

इस कारण शासन के आदेशानुसार 0 से 40 वर्ष तक के सभी लोगों की सिकल सेल की जांच अभियान जारी है, जिसमें आगे चल कर इनकी उपचार का प्रबंध हो सके। वही दूसरी ओर शादी के समय काउंसलिंग कर सिकलसेल की बीमारी को पीढ़ी दर पीढ़ी होने से बचाया जा सकता है। शादी के समय कुंडली मिलान के अलावा सिकलसेल की जांच रिपोर्ट की भी मिलान करने की रिवाज को बढ़ावा दिए जाने की जरूरत है। इसमें समाज प्रमुखों की भी भूमिका अहम हैं ।

# जुआ खेलते चार गिरफ्तार



**भाटापारा।** अभियान सृजन के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने जिले में अवैध शराब, जुआ-सट्टा के विरूद्ध सख्त कार्रवाई कर त्वरित रोकथाम के निर्देश दिए हैं। उक्त निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार हरीश यादव एवं आशीष अरोरा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी भाटापारा के मार्गदर्शन में निरीक्षक अमित पाटले थाना प्रभारी ▶▶ शेष पेज 11 पर

हरिभूमि
## पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

# सहायक अभियंता बनने सिर्फ 7 हजार ने दी परीक्षा, जूनियर इंजीनियर एग्जाम से भी 62% नदारद

## स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के अंतर्गत रिक्त पदों पर होगी भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा रविवार को दो पालियों में इंजीनियर भर्ती परीक्षा आयोजित की गई। पहली पाली में जहां 57.9 प्रतिशत कैंडिडेट्स उपस्थित रहे तो वहीं दूसरी पाली में यह संख्या घटकर 48.59 प्रतिशत ही रह गई। पहली पाली में सुबह 10 से 12.15 तक व्यापम ने कनिष्ठ अभियंता भर्ती परीक्षा आयोजित की थी। इसके 430 पदों पर व्यापम ने आवेदन मंगाए थे। 45 हजार इंजीनियर्स ने इसमें दिलचस्पी दिखाई थी। कनिष्ठ अभियंता के अंतर्गत इलेक्ट्रिकल, सिविल, मैकेनिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर के पदों के लिए भर्ती निकाली गई थी।

दूसरी पाली में दोपहर 2 से 4.15 तक सहायक अभियंता के लिए भर्ती परीक्षा आयोजित की गई। इसमें सिर्फ इलेक्ट्रिकल ब्रांच के इंजीनियर्स से ही आवेदन मांग गए थे। 52 पदों के लिए 15 हजार ने अर्जी दी थी। इनमें से लगभग 8 हजार अनुपस्थित रहे। बीते सप्ताह हुई कृषि मंडी भर्ती परीक्षा में भी 37 प्रतिशत परीक्षार्थी ही शामिल हुए थे।

### औसत रहे सवाल

परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थियों के अनुसार, प्रश्नपत्र औसत रहा। हालांकि कुछ सवाल कठिन और समय लेने वाले रहे। इसके बाद भी अधिकतर परीक्षार्थियों ने परीक्षाएं अच्छी जाने की बात कही। व्यापम ने 8 जिला मुख्यालयों में परीक्षा के लिए केंद्र बनाए थे। कुछ केंद्रों में उपस्थिति का आंकड़ा बहुत कम रहा। इसके चलते यहां सन्नाटे का माहौल रहा। प्रत्येक जिले में केंद्र ना होने के कारण कई अभ्यर्थियों को लंबी दूरी तय करके दूसरे जिले में भी परीक्षा दिलाने जाना पड़ा।



### प्रवेश परीक्षाओं के लिए आवेदन प्रारंभ

विभिन्न विभागों में भर्ती के लिए परीक्षाएं आयोजित किए जाने के साथ ही व्यापम ने प्रवेश परीक्षाओं के लिए भी आवेदन शुरू कर दिए हैं। फिलहाल बीएड पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं। 23 फरवरी से इसके लिए आवेदन पोर्टल खोला गया है। कैंडिडेट्स 24 मार्च तक आवेदन दे सकेंगे। 2 जून को इसकी परीक्षा प्रस्तावित है। अन्य प्रवेश परीक्षाओं के लिए भी आवेदन इस माह से प्रारंभ हो जाएंगी। वेबसाइट पर दबाव ना बढ़े, इसलिए व्यापम पहले ही पैरलर वेबसाइट तैयार कर चुका है।

## खबर संक्षेप

### व्याख्याता प्रकोष्ठ ने की न्यायिक जांच की मांग

रायपुर। राज्य कर्मचारी संघ से जुड़े प्रदेश व्याख्याता प्रकोष्ठ ने व्याख्याताओं की वरिष्ठता समाप्त करने संबंधी मामले की न्यायिक जांच कराने की मांग की है। बताया गया है कि प्रदेश के व्याख्याताओं की 2016 में पदोन्नति होनी थी, लेकिन पदोन्नति नहीं की गई। इस मामले को लेकर व्याख्याता अदालत में गए थे। इसके बाद सरकार ने वरिष्ठता को ही समाप्त करने का आदेश जारी कर दिया। बताया गया है कि प्रदेश के 56 लाख व्याख्याताओं की वरिष्ठता निरस्त की गई है। इस मामले को लेकर प्रकोष्ठ की बैठक में मांग की गई है कि सभी व्याख्याताओं को प्राचार्य के पद पर पदोन्नत किया जाए।

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों लोगों ने कराई जांच



रायपुर। जिले के ग्राम बरोदा के बाजार चौक स्थित पंचायत भवन में रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराकर लाभ लिया। साथ ही बीपी, शुगर आदि की विशेष जांच की गई। यह कार्यक्रम लोहिया पेपर एंड बोर्ड लिमिटेड रायपुर एवं श्रीराम पैथोलॉजिकल लैब की ओर से किया गया। इस शिविर में मुख्य अतिथि उप सरपंच भागवत साहू और कंपनी के प्रतिनिधि सुजीत कुमार झा विशेष रूप से शामिल रहे।

### चलाया निर्माल्य वाहन अभियान

रायपुर। ग्राम सरोरा में श्री शिवाय नमस्तुभ्यं महिला समिति द्वारा निर्माल्य वाहन अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान गुरु पूर्णिमा से शुरू हो गया है। समिति के सदस्यों ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत आसपास के क्षेत्र के समस्त घरों में वह वाहन भेजा जाएगा और घर की पूजा सामग्री, विसर्जन संबंधित समस्त सामानों को इस वाहन एकत्रित करेगा। सभी सामग्री तालाब में विसर्जित करने से जल प्रदूषण न हो, इसलिए यह जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। समिति द्वारा उसका उचित निष्पादन किया जाएगा। इस अभियान में गायत्री साहू, पुष्पा साहू, रश्मि, कुंती साहू, सविता साहू, लीला पाटिल, नीरा विश्वकर्मा, लता साहू, शांति यादव, नीलेश्वरी साहू, विमला साहू, सेवती साहू, नंदनी निषाद आदि उपस्थित रहीं।

### सिंधु पैलेंस में स्वास्थ्य शिविर हजारों ने कराई जांच

रायुपर। वी-वाय सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं हेल्थ केयर व शेयर संस्था के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर शंकरनगर स्थित सिंधु पैलेंस में रविवार सुबह लगाया गया। इस दौरान हजारों शहरवासियों ने अपनी जांच कराई। शिविर के आयोजक ने बताया कि शिविर में वी-वाय हॉस्पिटल की ओर से भाग लेने वाले अनुभवी चिकित्सकों की टीम में विभिन्न विभागों हड्डी रोग विभाग, जनरल एवं लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी विभाग, मस्तिष्क एवं सर्जरी विभाग, गुर्दा एवं मूत्र रोग, नाक, कान व गला रोग विभाग, नेत्र रोग विभाग, चर्म रोग विभाग आदि शामिल हुए।

## महतारी वंदन, कृषक उन्नति योजना की राशि अंतरित की जाएगी

# आचार संहिता से पहले 'गारंटी' पूरी करने सरकार खोलेगी खजाना, 7, 9, 12 को होंगे बड़े कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने से पहले छत्तीसगढ़ सरकार अलग-अलग योजनाओं के लिए खजाना खोलने की तैयारी में है। पार्टी ने 7, 9 और 12 मार्च को तीन बड़े कार्यक्रमों की तैयारी कर रखी है। इन कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता जुटने वाले हैं। माना जा रहा है कि इन कार्यक्रमों को लेकर राज्य भाजपा हाईपर एक्टिव मोड में रहने वाली है। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में एक महतारी वंदन योजना और दूसरी कृषक उन्नति योजना के तहत महिलाओं और किसानों के खातों में हजारों करोड़ रुपए अंतरित (ट्रांसफर) किए जाएंगे।

### महतारी वंदन योजना

7 मार्च को राज्य की महिलाओं को महतारी वंदन योजना की राशि की पहली किस्त जारी की जाने वाली है। भाजपा ने 2023 के विधानसभा चुनावों में प्रदेश की विवाहित महिलाओं को प्रति माह एक हजार रुपए की दर से साल में 12 हजार रुपए देने की घोषणा की थी। सरकार की इस घोषणा को पूरी करने की गारंटी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी थी। इसे मोदी की गारंटी के नाम से जाना जाता है। बताया गया है कि प्रदेश की करीब 70 लाख महिलाओं को योजना के तहत पहले महीने की राशि उनके खाते में ट्रांसफर की जाएगी।



### राजिम कुंभ कल्प मेले का समापन 8 को

इधर राजिम में चल रहे राजिम कुंभ कल्प मेले का समापन 8 मार्च को महाशिवरात्रि के दिन होगा। बताया गया है कि इस कार्यक्रम में देश के कई बड़े साधु-संतों के साथ राज्य सरकार के मंत्री, व अन्य विशिष्टजन शामिल होंगे। माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने से पहले भाजपा इन आयोजनों के जरिए पूरे माहौल को भाजपा के रंग में रंगने की तैयारी में है। पार्टी पहले ही छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों के लिए प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। इन कार्यक्रमों के बाद पार्टी पूरी तरह चुनावी मोड में आ जाएगी।

### 12 को किसानों के लिए खुलेगा खजाना

छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए राज्य सरकार 12 मार्च के खजाना खोलने की तैयारी में है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घोषणा की है कि इस दिन कृषक उन्नति योजना की राशि जारी की जाएगी। राज्य विधानसभा चुनाव में भाजपा ने किसानों से वादा किया था कि धान उत्पादक किसानों को धान का मूल्य 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल दिया जाएगा। सरकार ने न्यूतम समर्थन मूल्य पर किसानों से 144 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान खरीदा है। अब 31 सौ रुपए के हिसाब से प्रति क्विंटल 917 रुपए अंतर की राशि जारी की जाएगी। बताया गया है कि इस योजना के तहत राज्य के किसानों के खाते में करीब 13 हजार करोड़ रुपए ट्रांसफर किए जाएंगे। यह योजना भी मोदी की गारंटी का हिस्सा है। बताया गया है कि यह कार्यक्रम प्रदेश के सभी विकासखंड स्तर पर आयोजित किया जाएगा।

### रायपुर में होगा कार्यक्रम बड़ी सभा की तैयारी

महतारी वंदन योजना प्रारंभ करने के लिए प्रदेश सरकार और भाजपा संगठन ने 7 मार्च को कार्यक्रम तय किया है। बताया गया है कि इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल रूप से शामिल होंगे। कार्यक्रम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में होगा। इसी सभा में महतारी वंदन योजना की हितग्राहियों को डीबीटी के माध्यम से पहली किस्त उनके खातों में ट्रांसफर की जाएगी। इसकी प्रशासनिक स्तर पर भी तैयारी चल रही है।

### 8 को किसान मोर्चे की बैठक, 9 को किसान महाकुंभ

8 मार्च को राजधानी रायपुर में भाजपा किसान मोर्चा की बैठक कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में रखी गई है। इस बैठक में भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर शामिल होंगे। बताया गया है कि वे कार्यक्रम की तैयारी के लिए रायपुर आ चुके हैं। इस कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी विशेष रूप से शामिल होंगे। किसान मोर्चा की बैठक के बाद अगले दिन 9 मार्च को साइंस कॉलेज मैदान में किसान महाकुंभ का आयोजन किया गया है। राजनाथ सिंह इस महाकुंभ को संबोधित करेंगे। बीजेपी किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर ने रायपुर आकर कहा कि यह महाकुंभ ऐतिहासिक होगा। किसानों से सुझाव लिए जाएंगे और उनके बीच सुझाव पेटिका रखेंगे। किसानों के सुझावों को मोदी की गारंटी में शामिल किया जाएगा, ताकि संकल्पपत्र में शामिल कर घोषणा की जा सके।

## विराट संत समागम में पहुंचे दो शंकराचार्य, नागा साधुओं ने निकाली पेशवाई



रायपुर। राजिम कुंभ मेले में रविवार को विराट संत समागम का आयोजन किया गया, जिसमें शामिल होने दो शंकराचार्य राजधानी पहुंचे। ज्योतिषपीठाधीश्वर शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और द्वारका-शारदापीठाधीश शंकराचार्य सदानंद सरस्वती ने समागम के उद्घाघटन में सभा को संबोधित किया। शंकराचार्य दोपहर को राजधानी पहुंचे। पहले वे शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला गए, इसके बाद संत सम्मेलन के समारोह में पहुंचे। 5 साल बाद फिर से हो रहा राजिम कुंभ कल्प रामलला की थीम पर आधारित है। कुंभ कल्प को भव्य रूप से मनाया जा रहा है। रविवार को विराट संत समागम में विभिन्न धार्मिक स्थलों से साधु-संत शामिल होने पहुंचे हुए थे। राजिम कुंभ कल्प मेला में जूना, अग्नि और आव्हान अखाड़े के नागा संत-संन्यासियों सहित महात्माओं ने पेशवाई निकाली। यह पेशवाई दत्तात्रेय मंदिर से शस्त्र पूजा के साथ शुरू हुई। दत्तात्रेय मंदिर से सुंदरलाल शर्मा चौक, वीआईपी मार्ग, राजिम-नवापारा पुल, इंदिरा मार्केट से मेला मैदान होते हुए संत समागम स्थित अपने पंडाल में पेशवाई पहुंची, जहां विधि-विधान से पूजा कर भगवान दत्तात्रेय को स्थापित किया गया।

### साधुओं ने करतब दिखाए, शस्त्र प्रदर्शन भी किया

पेशवाई के दौरान नागा साधुओं ने करतब दिखाए और शस्त्र प्रदर्शन किया। नागा साधुओं को देखने और उनसे आशीर्वाद लेने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पेशवाई यात्रा में अलग अलग अखाड़ों के नागा-साधु, संन्यासी अपने पारंपरिक श्रृंगार के साथ अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन करते दिखे। पेशवाई यात्रा को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए।

## प्रदेश सहित राजधानी में रविवार को खुले रहे बैंक



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- महतारी वंदन योजना में आधार सीडिंग का चला काम
- बैंकों ने रविवार का अवकाश निरस्त किया

छत्तीसगढ़ सरकार ने महतारी वंदन योजना के आधार सीडिंग के काम को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इसे पूरा किए जाने के निर्देश देते हुए बैंकों में रविवार का अवकाश निरस्त किया था। इसके चलते प्रदेश सहित राजधानी रायपुर में भी रविवार को बैंक खुले रहे।

महतारी वंदन योजना में आधार सीडिंग का काम पूरा कराने राज्य सरकार ने रविवार को बैंकों में अवकाश निरस्त कर दिया। इस आशय के आदेश सबसे पहले बिलासपुर कलेक्टर अवनीश शरण ने बिलासपुर जिले के बैंकों के लिए जारी किए। शाम तक राज्य सरकार ने समूचे राज्य के लिए आदेश जारी कर दिए। विदित हो कि राज्य सरकार 7 मार्च को राज्य में महतारी वंदन योजना को लागू करने की तैयारी में है। इस योजना में पात्र महिलाओं को प्रति माह एक हजार रुपए राज्य सरकार सीधे उनके खातों में ट्रांसफर करेगी।

## नए सत्र से तीन अन्य इंजीनियरिंग कॉलेजों पर ताला, केवल 29 अभियांत्रिकी महाविद्यालय शेष

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए प्रारंभ हुई मान्यता सहित अन्य प्रक्रियाएं
- जिन्होंने नहीं दिया नवीनीकरण के लिए आवेदन, अब वे होंगे बंद



प्रदेश में इंजीनियरिंग महाविद्यालयों के बंद होने का सिलसिला इस वर्ष भी जारी रहेगा। शैक्षणिक सत्र 2024-25 से प्रदेश में तीन इंजीनियरिंग महाविद्यालय बंद हो जाएंगे। इसके बाद प्रदेश में सिर्फ 29 अभियांत्रिकी महाविद्यालय ही रह जाएंगे। तीन महाविद्यालयों के बंद होने के बाद प्रदेश में इंजीनियरिंग सीटों की संख्या भी कम हो जाएगी। पिछले शैक्षणिक सत्र में प्रदेश में 11 हजार 481 इंजीनियरिंग सीटें थी। तीन कॉलेजों के बंद होने के बाद यह संख्या 10 हजार के आस-पास ही रह जाएंगी।

गौरतलब है कि इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम को लेकर छात्रों की दिलचस्पी पिछले 5-6 सालों से लगातार घट रही है। कोरोना काल से पहले ही इंजीनियरिंग कोर्स में दाखिले कम होने लगे थे। कोरोना के दौरान यह संख्या और अधिक घट गई। कई इंजीनियरिंग कॉलेज ऐसे हैं, जहां छात्रों से अधिक संख्या प्राध्यापकों की है। इन्हें निर्धारित नियमों के अंतर्गत वेतन भुगतान करना होता है। छात्रों से प्राप्त होने वाली फीस से अधिक राशि प्राध्यापकों के वेतन पर खर्च हो रही है। ऐसे में नुकसान उठाने के स्थान पर इंजीनियरिंग कॉलेज संस्थान बंद करने का फैसला ले रहे हैं।

### स्थानांतरित होंगे छात्र

जो महाविद्यालय बंद होने जा रहे हैं, उनके छात्रों को दूसरे कॉलेजों में शिफ्ट किया जाएगा। नवीन सत्र प्रारंभ होने के पूर्व इसकी प्रक्रिया शुरू की जाएगी। छात्रों को उपलब्ध विकल्पों में से किसी एक का चयन करना होगा। इस दौरान भी अधिकतर छात्र शासकीय महाविद्यालयों का ही चुनाव करते हैं। यहां सीटें ना मिल पाने की ही स्थिति में वे प्राइवेट कॉलेज में स्थानांतरण लेते हैं

### 4 हजार सीटों में भी प्रवेश नहीं

सत्र 2023-24 में 4 हजार सीटों पर भी प्रवेश नहीं हुए थे। 11 हजार 481 सीटों में से सिर्फ 3 हजार 659 सीटों पर ही प्रवेश हो सके थे। इसके पूर्व शैक्षणिक सत्र 2022-23 में भी पांच हजार के करीब ही सीटें भर सकी थी। कई कॉलेजों के कुछ ब्रांच में शून्य दाखिले हुए थे। हालांकि ये स्थिति सिर्फ निजी महाविद्यालयों में ही निर्मित हुई थी। शासकीय महाविद्यालयों में प्रवेश प्रारंभिक चरणों में ही पूर्ण हो गए थे। छात्रों का रुझान इसके स्थान पर मेडिकल, फॉर्मेसी और नर्सिंग पाठ्यक्रमों में अधिक हुआ है। व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, पीईटी का आयोजन 6 जून को होगा। इसमें प्राप्त रैंक के आधार पर ही छात्रों को सीट आवंटित की जाएगी।

## राजस्व निरीक्षक परीक्षा पर आपत्ति, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजस्व निरीक्षक परीक्षा को लेकर राजस्व पटवारी संघ ने आपत्ति जताई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को लिखे पत्र में संघ ने कई जिलों से बड़ी संख्या में तथा कुछ जिलों से केवल गिने-चुने अभ्यर्थियों के चयन पर सवालिया निशान लगाते हुए जांच की मांग की है।

राजस्व पटवारी संघ ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को लिखे पत्र में कहा, 7 जनवरी को हुई राजस्व निरीक्षक परीक्षा पर आपत्ति जताते हुए संघ ने उच्चस्तरीय जांच के लिए राज्य शासन से पत्राचार किया था, लेकिन आपत्तियों पर किसी प्रकार की कार्रवाई करने के बजाय परीक्षा परिणाम 29 फरवरी को घोषित किए गए। संघ ने बताया कि राजस्व निरीक्षक प्रशिक्षण वर्ष 2024 के जरिए 216 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। चयन सूची में दी गई जिलेवार संख्यात्मक जानकारी संदेहास्पद है।

कई जिलों से बड़ी संख्या में तो कुछ जिलों से केवल गिनती के अभ्यर्थियों का चयन किया गया है, जो संदेह को जन्म दे रहा है। बताया गया है कि विधानसभा चुनाव के दौरान सभी पटवारी चुनाव कार्य में संलग्न थे और आयुक्त कार्यालय विभागीय परीक्षा के विभिन्न चरणों की तैयारी कर रहा था। इसी दौरान ही पात्र-अपात्र सूची जारी कर दावा-आपत्ति मंगवाई गई थी। मंत्रिमंडल के गठन के पहले ही विभागीय परीक्षा को शासन के संज्ञान में लाए बिना कराया जाना संदेह को जन्म दे रहा है, जिसे ध्यान में रखते हुए परीक्षा की जांच कराने का आग्रह किया गया है।

### पत्नी को लकड़ी के बत्ते से पीटा, पति पर केस

रायपुर। घरेलू विवाद के चलते पत्नी की पिटाई करने वाले पति के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। विकास नगर गुढ़ियारी में रहने वाली पार्वती परते ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उसके पति कपिल से मामूली विवाद होने पर वह आए दिन उसकी पिटाई करता है। शनिवार दोपहर भी उसने बिना किसी बड़ी वजह से लकड़ी के बत्ते से उसकी पिटाई कर दी।

## 9 मार्च को साइंस कॉलेज मैदान में होगा आयोजन

# किसान महाकुंभ : सभास्थल का जायजा लेने पहुंचे चाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे शिरकत

किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार राजकुमार चाहर राष्ट्रीय किसान महाकुंभ के संबंध में रविवार को राजधानी रायपुर पहुंचे। भाजपा पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके उपरांत वे साइंस कॉलेज मैदान में होने वाले किसान महाकुंभ के लिए स्थल निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने वहां पर कार्य कर रहे कर्मचारियों से भी चर्चा की। उल्लेखनीय है कि 9 मार्च को किसान महाकुंभ में केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह शिरकत करेंगे। प्रदेशभर के किसान इसमें भाग लेंगे। चुनाव के पूर्व किसानों को साधने के लिए इसका आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास पर भेंट कर कार्यक्रम के रूपरेखा से उन्हें अवगत कराया। उन्होंने पार्टी प्रदेश कार्यालय में प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक लेकर आगामी कार्यक्रम की दृष्टि से कार्ययोजना तैयार की। प्रदेश पदाधिकारियों को व्यवस्था के अनुरूप दायित्व सौंपा गया।



### ये रहे उपस्थित

बैठक में प्रमुख रूप से किसान मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. शंभू कुमार, राष्ट्रीय प्रदेश मंत्री बजरंगी यादव, प्रदेश अध्यक्ष तोखन साहू, प्रदेश महामंत्री आलोक ठाकुर, जैविक खेती संयोजक द्वारिकेश पांडे, प्रदेश उपाध्यक्ष कोमल ठाकुर, गौरीशंकर श्रीवास, किरण उसेंडी, बृजलाल राठौर, टीकाराम वर्मा, प्रदेश मंत्री राकेश तिवारी, आकाश गुप्ता, खिलावन शर्मा, प्रदेश कार्यालय मंत्री रवीश गुप्ता, विलास सुतार, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी कमलेश सिंह राजपूत, रवि मिश्रा और अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

## उत्कल-भोपाल एक्सप्रेस समेत 8 ट्रेनों के छह स्टेशनों पर नए स्टॉपेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- छोटे स्टेशनों तक पहुंचना होगा आसान, जोन की ट्रेनों के रेलवे ने बढ़ाए स्टॉपेज

कटनी रेलखंड पर दौड़ने वाली चार प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों में जैतहरी, नौरोजाबाद व वेंकटनगर तक सफर करने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। रेल प्रशासन ने एक या दो नहीं, बल्कि चार ट्रेनों के प्रायोगिक ठहराव का निर्णय लिया है।

इस निर्णय के साथ ही अप व डाउन दिशा से गुजरते समय ट्रेनों के आगमन व प्रस्थान की जानकारी भी जारी कर दी गई है। साथ ही रेलवे टिकट आरक्षण केंद्र के सिस्टम में भी सुविधा अपडेट कर दी गई है, ताकि यात्री आसानी से रिजर्वेशन करा सकें। इस नई सुविधा के तहत उत्कल एक्सप्रेस अब जैतहरी व नौरोजाबाद स्टेशन पर ठहरेगी। अब तक इस ट्रेन का स्टापेज नहीं था, जिसके चलते यात्रियों के आगे या पहले के स्टेशनों पर उतरना पड़ता था। दूसरी ट्रेन बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस है। इस ट्रेन का जैतहरी व वेंकटनगर स्टेशन पर और बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस वेंकटनगर स्टेशन और रीवा-चिरमिरी एक्सप्रेस नौरोजाबाद स्टेशन पर स्टॉपेज दिया गया है। यह सुविधा अप-डाउन दोनों तरफ से मिलेगी।

अभी तक यात्रियों को इस सुविधा से वंचित होना पड़ रहा था। हालांकि वह लगातार रेल प्रशासन से ठहराव की मांग कर रहे थे। इसे ध्यान में रखते हुए ही रेल प्रशासन ने सहमति की मुहर लगाई है। उम्मीद जताई जा रही है कि प्रायोगिक ठहराव जल्द ही स्थाई ठहराव में तब्दील हो जाएगा।



### नए स्टॉपेज में ट्रेनों का शेड्यूल

- पुरी-योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस 4 मार्च से तथा 18478 योगनगरी ऋषिकेश-पुरी उत्कल एक्सप्रेस 5 मार्च से मंडल के जैतहरी व नौरोजाबाद स्टेशन पर रुकेगी।
- बिलासपुर-भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस पुनः परिचालन प्रारंभ होने के दिन से वेंकटनगर व जैतहरी स्टेशन पर रुकेगी।
- ट्रेन नंबर 18247/18248 बिलासपुर-रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस पुनः परिचालन प्रारंभ होने के दिन से वेंकटनगर स्टेशन पर रुकेगी।
- ट्रेन नंबर 11751/11752 रीवा-चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस पुनः परिचालन प्रारंभ होने के दिन से नौरोजाबाद स्टेशन पर रुकेगी। ट्रेन नंबर 11751 रीवा-चिरमिरी एक्सप्रेस नौरोजाबाद स्टेशन 23.21 बजे पहुंचकर 13.22 बजे रवाना होगी।

## खबर संक्षेप



### गिरीश पंकज रचनावली का लोकार्पण

**रायपुर।** सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में रविवार को देश के प्रख्यात साहित्यकार गिरीश पंकज की समग्र रचनावली का लोकार्पण किया गया। यह कार्यक्रम ज्ञानमुद्रा पब्लिकेशन भोपाल एवं वक्ता मंच के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस दौरान राजधानी व आसपास के प्रमुख साहित्यकार बड़ी संख्या में शामिल हुए। मुख्य अतिथि संभागायुक्त डॉ. संजय अलंग ने कहा कि गिरीशजी ने साहित्य की प्रत्येक विधा में कलम चलाई है। इसी दौरान वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते द्वारा घोषणा की गई कि समारोह में उपस्थित समस्त प्रबुद्धजनों को साहित्य मित्र सम्मान प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में रचनावली की बिक्री भी हुई। लोकार्पण अवसर पर प्रकाशक द्वारा 40% से अधिक की छूट प्रदान की गई थी।

### सड़क किनारे खड़े वृद्ध को वाहन ने कुचला, घायल

**रायपुर।** विधानसभा इलाके में सड़क किनारे खड़े वृद्ध को वाहन की चपेट में लेने वाले अज्ञात चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी है। छपोरा के निकट वाहन की चपेट में आकर रामगोपाल यादव गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। उसे उपचार के लिए अस्पताल तक नहीं पहुंचाया जा सका था। पुलिस आरोपी वाहन चालक की तलाश के लिए आसपास सीसीटीवी फूटेज तलाश रही है।

### खरोरा में माता जानकी जयंती मनाई गई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में माता जानकी जयंती के अवसर पर माता जानकी की पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर मितानिन कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, रुपेश चंद्राकर संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि माता जानकी जयंती इस साल 4 मार्च को मनाई गई और माता सीता की विवाह प्रभु राम के साथ हुआ था। जानकी या सीता जयंती दिन कई महिलाओं ने घर परिवार की सुख-शांति और पति की लंबी उम्र के लिए भगवान राम और माता सीता की पूजा अर्चना करते हैं और सभी मनोकामनाओं पूरी होती है।

### बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा

**कोमाखान।** ग्राम पंचायत कोमाखान के आश्रित ग्राम लुकूपाली के आंगनबाड़ी केंद्र में 94 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। इस अवसर पर बच्चों को दवा पिलाने के अलावा उनका वजन एवं ऊंचाई भी मापा गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अमृता उपाध्याय के अलावा मितानिन उमा सोनी, उषा देवांगन का सहयोग रहा। कार्यकर्ता संध्या यादव एवं शहनाज (रानी) ने अपनी सेवाएं दी।

### गौ तस्करी के विरोध में कलेक्टोरेट घेराव आज

**महासमुंद।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा महासमुंद जिले में चल रहे गौ मवेशी बाजार बंद करने व गौ तस्करी के विरोध में महासमुंद के कलेक्टर का घेराव किया जाएगा। जिसमें जिले के सभी हिंदू जनमानस, गौ प्रेमियों एवं सनातनियों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में 5 मार्च सुबह 11 बजे लोहिया चौक महासमुंद में उपस्थित होकर कलेक्टर ऑफिस का घेराव को सफल बनाएं। उक्त जानकारी विश्व हिंदू परिषद महासमुंद के जिला संयोजक ईवन साहू ने दी है।

### विद्यार्थियों की गणितीय व भाषाई कौशल की जांच

**दुर्गुकोंदल।** दुर्गुकोंदल अंतर्गत संकुल केन्द्र कोदापाखा के प्राथमिक शाला क्वाचीकटेल मे 04 मार्च को एफएलएन सामाजिक अंकेक्षण किया गया। भारत सरकार की निपुण भारत अभियान के तहत 2026-27 तक कक्षा 1 पहली, दूसरी, तीसरी के बच्चों को मूलभूत, भाषाई एवं गणितीय कौशल मे दक्ष करने का अभियान चल रहा है। इसी तहत प्राथमिक शाला क्वाचीकटेल में मूलभूत भाषाई एवं गणितीय कौशल के विद्यार्थी सूचकांक के आधार पर समुदाय के समक्ष एफ एल एन कौशल की जांच की गई।

# छग सिंधी पंचायत चुनाव में रही गहमागहमी, महेश दरयानी बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में महेश दरयानी समाज के प्रदेश अध्यक्ष चुने गए। राजधानी के शक्तिधाम तेलीबांधा में हुए चुनाव में महेश दरयानी 83 मतों से विजयी हुए। उनकी इस जीत को अमर पारवानी के पैनल की ऐतिहासिक विजय के रूप में देखा रहा है।

सिंधी समाज ने 17 साल के पुराने एकाधिकार को समाप्त कर युवा और निर्भीक प्रत्याशी महेश दरयानी को समाज का प्रदेश अध्यक्ष चुना। अपने इस ऐतिहासिक जीत का श्रेय नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेश दरयानी ने सभी संतों, समाज के वरिष्ठजनों व पूरे प्रदेश सहित सिंधी समाज को दिया। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने इसे असत्य पर सत्य की जीत बताते हुए पूरे समाज का आभार व्यक्त किया है।

बताते चलें कि हाईवोल्टेज चुनाव में जहां समाज के दो दिग्गज चुनाव मैदान में आमने-सामने रहे। वहीं छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत ने महेश दरयानी को समाज का प्रदेश अध्यक्ष चुनकर उन्हें नेतृत्व का मौका दिया। अमर पारवानी के कुशल नेतृत्व और आसुदाराम वाधवानी के मार्गदर्शन में समाज को संगठित करने के प्रयास के रूप में इसे देखा जा रहा है। सिंधी समाज के पदाधिकारी सुभाष बजाज ने कहा कि यह हार चेतन तारवानी की नहीं, श्रीचंद सुंदरानी की है और यह जीत सिंधी समाज में अमर पारवानी की जीत है।

## अमर पारवानी के पैनल की ऐतिहासिक जीत, 83 मतों से जीते महेश

### कल होगा शपथग्रहण

सुभाष बजाज ने बताया कि 5 मार्च को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सम्मान समारोह का कार्यक्रम पं. दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में शाम 4 बजे आयोजित है। सम्मान समारोह कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेश दरयानी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम भी होगा।



### ललित ने दी बधाई

सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई के अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेश दरयानी को जीत की बधाई दी। उन्होंने कहा कि समाज को युवा अध्यक्ष से नई दिशा मिलेगी। आने वाले कल में वे समाज को नई ऊंचाईयों तक ले जाएंगे।

## वर्चुअल मीटिंग में जिले के थाना एवं चौकी में पदस्थ पुलिस कर्मी नए कानून से हुए परिचित

# संसद में पारित नए कानून से अवगत हुआ पुलिस महकमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन में भारत की संसद द्वारा पारित किए गए नए कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को अपनाने के विषय पर पुलिस कम्यूनिटी हाल पुलिस लाइन बलौदाबाजार में एक दिवसीय नया कानून प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के स्वागत उद्बोधन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव द्वारा कार्यशाला के विषय एवं उसकी महत्ता के संबंध में बताया गया तथा नवीन भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम के विषय को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए ध्यान देकर, समझने की बात उपस्थित सभी पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों से कही। साथ ही समस्त पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को नए कानून के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये जिले के समस्त थाना एवं चौकी को वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से एक साथ जोड़ा गया।

कार्यक्रम में सदानंद कुमार द्वारा समस्त अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विश्वास जताया कि सभी पुलिस अधिकारी-कर्मचारी नए कानूनों के संबंध में विशेष रुचि लेकर, समझकर प्रभावी कार्य संपादन कर पाएंगे। उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में अन्य पुलिस अधिकारियों में मुख्य रूप से अनुज कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, आशीष अरोरा एसडीओपी भाटापारा, राजेश श्रीवास्तव उप पुलिस अधीक्षक, अमृत कुजूर उप पुलिस अधीक्षक यातायात, जिले के समस्त थाना, चौकी प्रभारीगण सहित वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से 500 से अधिक विवेचक और पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



### नए कानून के संबंध दी जानकारी

प्रशिक्षण कार्यशाला के मुख्य वक्ता श्री सिद्धार्थ ठाकुर जिला अभियोजन अधिकारी रायगढ़ द्वारा नए कानूनों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने नए कानून के संबंध में कहा कि पुराने कानून, भारतीय दंड संहिता को अब भारतीय न्याय संहिता किया गया है, जिसमें विशेषता दंड से ज्यादा न्याय पर आ गया है। उन्होंने कहा कि नए कानून में बहुत सारी और चीजे आ रही है, अब अनुसंधान की प्रगति को पीड़ित को बताना जरूरी रहेगा। साथ ही अन्य कई महत्वपूर्ण बातों को बताया गया। भारतीय न्याय संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के संबंध में महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया गया।

### प्रश्नों का उत्तर भी दिया

कार्यशाला में अन्य विशिष्ट विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित संजय अम्बस्ट द्वारा पुराने कानून एवं नए कानून के संबंध में अनुसंधानकर्ताओं को नए आपराधिक कानूनों को धाराओं और सजा से अवगत कराया गया एवं उनको जागरूक कर उनकी क्षमता को विकसित कर प्रभावी कार्य करने के लिए समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होंने न्यायालय द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों से अवगत कराते हुए महत्वपूर्ण बिन्दुओं को प्रशिक्षण में साझा किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नए कानून में दिए गए मुख्य बिंदुओं खामियों आदि का सहज रूप में समाधान किया। प्रशिक्षण में उपस्थित पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा नए कानून के संबंध में कई प्रश्न पूछे गए, जिस पर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उनके प्रश्नों का उत्तर भी दिया गया।

# नीलकंठेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि महोत्सव कल से, शंकराचार्य करेंगे शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के स्टेशन रोड नहरपारा स्थित नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर परिसर में 5 मार्च से महाशिवरात्रि महोत्सव प्रारंभ होगा। महोत्सव का शुभारंभ जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद करेंगे। इस मौके पर धर्मसभा में वे सभी सनातनियों को संबोधित करेंगे। 6 मार्च को मुंबई से किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर हिमांगी सखी का आगमन होगा। 9 मार्च तक चलने भव्य महाशिवरात्रि महोत्सव में रायपुर के अलावा अन्य जिलों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेने पहुंचेंगे।

नीलकंठ सेवा संस्थान के संस्थापक एवं धर्म संसद के आयोजक पं. नीलकंठ त्रिपाठी ने रविवार को पत्रकारवार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया, 7 मार्च को बाजे-गाजे के साथ नीलकंठेश्वर महादेव की भव्य पालकी के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें मुख्य रूप से सभी पंथ के समाज प्रमुख, संत, किन्नर अखाड़े के महामंडलेवर हिमांगी सखी, शदाणी दरबार के संत युधिष्ठिर लाल, बोरियाकला स्थित शंकराचार्य आश्रम के डॉ. इंदुभवानंद सरस्वती, अनंतपुरी गोस्वामी, देवकर साहेब कबीरपंथ, सतनामी समाज के गुरु खुशवंत साहेब, साध्वी सौम्या किन्नर अखाड़ा सहित अन्य संत-महात्मा, भगवान महादेव की बारात की शोभा बढ़ाने मौजूद रहेंगे।

### महाशिवरात्रि पर भव्य महाआरती

नीलकंठ सेवा संस्थान के प्रवक्ता नीरज पांडेय ने पत्रकारों से चर्चा में बताया, 8 मार्च को महाशिवरात्रि की रात 8 बजे मंदिर परिसर में भव्य महाआरती होगी। इस मौके पर भव्य आतिशबाजी का नजारा देखने को मिलेगा। 9 मार्च को शाम 6 बजे से महाप्रसादी भंडारा का आयोजन किया जाएगा। 5 दिवसीय आयोजन को भव्य बनाने जोर-शोर से तैयारी की जा रही है।

# अब सुधरेंगे बगीचों के 28 आउटडोर ओपन जिम, रायपुर की एजेंसी को ठेका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में 28 आउटडोर ओपन जिम में खराब पड़े एक्सरसाइज के अलग-अलग तरह के उपकरणों को दुरुस्त कराया जाएगा। नगर निगम के योजना विभाग ने ओपन जिम के मेंटेनेंस के लिए रायपुर की एजेंसी को ठेका दिया है। अनुबंधित एजेंसी शहर के अलग-अलग इलाकों में लगवाए गए आउटडोर ओपन जिम की देखभाल 3 साल तक करेगी। ओपन जिम में 11 तरह के इक्विपमेंट आम जनता की सेहत के लिए लगाए गए हैं, जिनका उपयोग शहरवासी निशुल्क कर सकते हैं।

दरअसल, शहरी सरकार ने लोगों को सेहतमंद बनाने 4 साल पहले 28 जगहों पर आउटडोर ओपन जिम की सुविधा प्रारंभ की थी। जहां सुबह-शाम कसरत करने वालों के लिए 11 अलग-अलग तरह के आधुनिक फिटनेस उपकरण लगाए गए। इसका उपयोग कोई भी व्यक्ति बिना शुल्क दिए कर सकता है। आउटडोर ओपन जिम लगाने वाली एजेंसी को शुरुआत में 3 साल तक फिटनेस उपकरणों के देखरेख व मरम्मत का जिम्मा अनुबंध की शर्त में शामिल रहा। समय अवधि समाप्त होने के बाद ओपन जिम में लगाए गए कीमती उपकरणों के मेंटेनेंस पर ध्यान नहीं देने से लोगों की सेहतमंदी के लिए लगाए गए उपकरणों में जंग लगने, नट बोल्ट घिसने, ग्रीसिंग समय पर नहीं होने जैसी समस्या आई। लोगों ने वार्ड पार्षद से लेकर जोन कार्यालय और नगर निगम मुख्यालय तक इसकी शिकायत की। जनशिकायत के बाद पूर्व निगम आयुक्त ने 28 आउटडोर ओपन जिम के उपकरणों की देखरेख और मरम्मत का काम प्रमुखता से कराने योजना विभाग के अफसरों को निर्देशित किया था।



### मेंटेनेंस के लिए मिली स्वीकृति

शहर के विभिन्न स्थानों पर 55 आउटडोर ओपन जिम ऐसे हैं, जिनमें एक्सरसाइज के लिए 10 तरह के इक्विपमेंट इंदौर की एजेंसी ने साल 2018 में लगाए थे। वर्ष 2021 में इन ओपन जिम के उपकरणों की देखरेख व मरम्मत की समयावधि समाप्त हो गई। 2 साल तक इन आउटडोर ओपन जिम में लगाए गए मशीनों को नजरअंदाज करने के बाद अब इनमें मेंटेनेंस शुरू होगा। निगम मुख्यालय द्वारा भेजे गए प्रस्ताव को शासन स्तर से मंजूरी मिल गई है।

## बुढ़ापारा मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ



**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के बुढ़ापारा केंद्र की महिलाओं ने शनिवार शाम हनुमान मंदिर में रामरक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा का पाठ किया। मंडल के बाकी केंद्रों के सदस्य संतश्री गजानन महाराज प्रकट महोत्सव के विभिन्न आयोजनों में व्यस्त रहे। आध्यात्मिक और योग समिति की प्रमुख आस्था काले ने बताया कि 9 जनवरी से प्रति शनिवार को समीपस्थ मंदिर में रामरक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ का अभियान बुढ़ापारा केंद्र की महिलाओं ने सतत जारी रखा है। इसमें महाराष्ट्र मंडल के आजीवन सभासदों के अलावा मंदिर आने वाले भक्तजन भी स्वस्फूर्त शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम में अपर्णा मोघे, अर्चना मोघे, अनघा करकशे, रीता लोखंडे, दीपाली बर्वे, साधना गायकवाड़, डॉ. सुहासिनी पट्टलवार, ज्योति पवार, सुचित्रा देशपांडे, कुमारी पट्टलवार, प्रीति भड़जे, सुनीता साठे, पायल साहू, सीमा नायक, लिलिमा मंडल, हिमाद्री नायक समेत अनेक महिलाएं व बच्चे शामिल हुए।

## युवा संसद दिल्ली के लिए देवाशीष और तुलिप का चयन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य के प्रतिभावान युवा देवाशीष पटेल रायपुर और तुलिप शर्मा बस्तर का छत्तीसगढ़ राज्य के प्रतिनिधित्व के लिए भारत सरकार द्वारा आयोजित नेशनल यूथ पार्लियामेंट 2024, संसद भवन दिल्ली के लिए भारत सरकार युवा एवं खेल कार्यक्रम मंत्रालय द्वारा चयनित हुए हैं। देवाशीष रायपुर के पुरानी बस्ती क्षेत्र के निवासी हैं। उल्लेखनीय है कि खेल एवं युवा कार्यक्रम मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय युवा संसद, संसद भवन दिल्ली में देश के सभी राज्यों के प्रतिनिधि युवा शामिल होंगे तथा देश की महत्वाकांक्षी विषयों पर अपने प्रखर विचार रखेंगे। इस उपलब्धि पर देवाशीष को छग विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, सांसद सुनील सोनी, मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायक मोतीलाल साहू, विधायक अनुज शर्मा, कलेक्टर डॉ . गौरव सिंह व नेहरू युवा केंद्र राज्य निदेशक श्रीकांत पांडे, युवा अधिकारी अर्पित तिवारी ने शुभकामनाएं दी हैं।



# कहरा समाज के प्रदेश अध्यक्ष बने मुकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटगी

छत्तीसगढ़ कहरा समाज द्वारा मॉघ पूर्णिमा पर ग्राम खरौद में उपमहासभा का आयोजन किया गया। इसमें नये प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव भी किया गया। उपमहासभा में निर्वाचन कार्य के लिए गोरेलाल आदित्य भटगांव एवं दीपक आदित्य बिलासपुर को निर्वाचन अधिकारी बनाया गया था। उक्त अध्यक्ष पद के लिए केंवल एक ही आवेदन पत्र निर्वाचन अधिकारी को प्राप्त हुए थे। इस कारण निर्विरोध चुनाव में ग्राम कटगी निवासी मुकेश कुमार राकेश को समाज का प्रदेश अधक्ष चुना गया है। महासचिव के रूप में जांजगीर निवासी हरिहर आदित्य को चुना गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार अन्य कार्यकारिणी का गठन आगामी एक सप्ताह के अंदर किया जायेगा।

इस अवसर पर शिवरीनारायण से खिलावन आदिय, कटगी से शुकदेव राकेश, श्याम लाल राकेश, रमेश राकेश, योगेश राकेश, लालमणी राकेश, बिलाईगढ, से भरत लाल राकेश, भटगांव से तुलसी आदित्य सारंगढ़ से संतोष कुमार आदित्य, अशोक कुमार आदित्य, गोपाल आदित्य, चिस्दा से भरत लाल कहरा, रामकिशन कहरा, कोरबा परिक्षेत्र से गेंदलाल कटकवार दाताराम, द्वारिका अगस्ती, रतनपुर से गुहाराम कहरा, बिलासपुर से दीपक आदित्य, बलौदा से अमरनाथ आदित्य, जीवधन आदित्य, खरौद क्षेत्र से लक्ष्मी प्रसाद आदित्य, गोपी आदित्य, लक्ष्मण आदित्य सहित अनेक समाजिक बन्धु उपस्थित थे।

# शंकरनगर वार्ड में 25 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन-3 क्षेत्र स्थित शंकरनगर वार्ड में रविवार को महापौर एजाज ढेबर, रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने जोन अध्यक्ष डॉ. प्रमोद साहू, नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे और वार्ड पार्षद सुमन राम प्रजापति के साथ मिलकर विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। शंकरनगर वार्ड के रहवासियों की मूलभूत सुविधाओं में विस्तार करने 25 लाख रुपए की लागत से 5 भिन्न स्थानों पर सुगम आवागमन के लिए सीसी रोड बनाया जाएगा। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने जोन 3 जोन कमिश्नर विमल शर्मा, कार्यपालन अभियंता राकेश अवधिया को स्वीकृति अनुसार तत्काल विकास कार्य प्रारंभ कराने निर्देश दिए। वार्ड पार्षद सुमन राम प्रजापति ने वार्ड में नए विकास कार्य प्रारंभ किए जाने पर वार्डवासियों की ओर से महापौर एजाज ढेबर, रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, जोन 3 अध्यक्ष डॉ. प्रमोद साहू को धन्यवाद दिया।



## पेज 9 के शेष

### मॉर्निंग वाक पर...

ऊर्फ रॉकी पटेल वहां से भाग गया। गांव का रामायण का लड़का देवा ढीमर योगेश मुर्ति अग्रवाल के घर पहुंचा और परिवार को घटना की जानकारी दी। जब शैलेन्द्र मुर्ति अग्रवाल और देवा ढीमर घटना स्थल पहुंचे तो योगेश मुर्ति अग्रवाल नैय्या तालाब पार रोड किनारे खुन से लथपथ पड़ा था। शैलेष मुर्ति अग्रवाल की शिकायत पर पुलिस ने धारा 174, 302 भादवि कायम कर विवेचना में लिया।

### महिला सम्मान एवं ...

कलेक्टर केएल चौहान ने सोमवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सभी संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर जरूरी दिशा–निर्देश दिए। कलेक्टर श्री चौहान ने कार्यक्रम स्थल पर बेटिकेटिंग के लिए आवश्यक बांस बल्ली हेतु वनमंडलाधिकारी, सुरक्षा व्यवस्था हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, आमंत्रण कार्ड वितरण, मंचीय व्यवस्था, माइक, लाई एवं साउंड सिस्टम, विद्युत आपूर्ति एवं जनरेटर की व्यवस्था, समस्त वीआईपी, जनप्रतिनिधि, अधिकारियों की बैठक व्यवस्था, मय एम्बुलेंस चिकित्सा दल, अग्निशम वाहन, अस्थाई शौचालय व्यवस्था, शुद्ध पेयजल आदि के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है।

### जुआ खेलते चार...

भाटापारा ग्रामीण के नेतृत्व में पुलिस द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की। इसी क्रम में 4 मार्च को थाना भाटापारा ग्रामीण पुलिस टीम ने ग्राम पटपर पीएचई आफिस के पास सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलने वाले चार आरोपीयों को गिरफ्तार किया है। आरोपीयों के कब्जे से 5700 रुपये और ताश-पत्ती जब्त कर धारा 3(2) जुआ एक्ट के तहत सभी को गिरफतार किया है।


### आम सूचना

ग्राम धौराभाठा, तहसील भाटापारा स्थित खसरा नंबर 31, 32/4, 32/6, 32/8, 40 एवं 42 रकबा क्रमशः 0.3720, 0.0650, 0.1300, 0.0-400, 0.6240 एवं 0.1940 हेक्ट बाबत

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने मेवालाल पिता मंशाराम बघेल, निवासी शक्ति वार्ड, भाटापारा एवं काश्तकार ग्राम धौराभाठा, से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य में दर्ज ग्राम धौराभाठा, प. ह. न. 12, तहसील भाटापारा जिला बलौदा बाजार-भाटापारा स्थित खसरा नंबर 31, 32/4, 32/6, 32/8, 40 एवं 42 रकबा क्रमशः 0.3720, 0.0650, 0.1300, 0.0400, 0.6240 एवं 0.1940 हेक्ट कुल खसरा नंबर 06, कुल रकबा 1.4250 हेक्ट कृषि भूमि क्रय करने का करार किया तथा उक्त भूमि की असल किसान-किताब क्रमांक पी-1544883 मेरे पक्षकार को सौंप दिया है। बयाना राशि का भुगतान किया जा चुका है विक्रय विलेख निष्पादन-पंजीयन किया जाना शेष है। मेरा पक्षकार करार के तहत नियत अवधि के अंतर्गत वर्णित भूमि का विक्रय विलेख निष्पादन पंजीयन कराने तत्पर है परंतु मेरे पक्षकार को यह ज्ञात हुआ है कि मेवालाल बघेल उक्त भूमि का बेइमानी पूर्वक मंशा के तहत अन्यत्र अंतरण करने की मंशा रखता है तथा इस संबंध में अन्य क्रेता एवं दलालों के संपर्क में है। इस आम सूचना के तहत यह प्रकाशित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति, उक्त भूमि का मेवालाल बघेल से किसी भी प्रकार का संव्यवहार ना करें। करार के तहत मेरे पक्षकार का उक्त भूमि पर हित उत्पन्न हो गया है अतः कोई व्यक्ति उक्त भूमि का किसी प्रकार का कोई संव्यवहार करता है तो ऐसा संव्यवहार अवैध एवं शून्य होगा तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

दिनांक

**जे. के. अग्रवाल, अधिवक्ता**
**भाटापारा, जिला बलौदा बाजार-भाटापारा छ. ग.**
**मोबाइल नंबर 9827154420**

**खबर संक्षेप**



## दवा पिला कर किया अभियान का शुभारंभ

**सरायपाली।** नगर के मुख्य मार्ग में स्थित सिटी डिस्पेंसरी में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र कुमार पटेल द्वारा वंश अग्रवाल पिता प्रांजल अग्रवाल 3 वर्ष तथा पार्षद गुंजन अग्रवाल द्वारा अंश अग्रवाल पिता प्रांजल अग्रवाल उम्र 10 माह को पल्स पोलियो का दो-दो बूंद अपने हाथ से पिलाकर किया गया। कार्यक्रम में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ विजय आनंद कोसरिया, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक शीतल सिंह, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक अनुपा दास, शकुंतला कलेत, डोलचंद पटेल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नीलिमा भोई, मितानिन नोनी बाई इत्यादि उपस्थित रहे।

## शराब बेच रहा युवक गिरफ्तार

**महासमुंद।** सरायपाली थाना पुलिस ने बालसी मोड़ भंवरपुर रोड पर अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहे दिनेश बंजारा पिता शंकर बंजारा (32 ) ग्राम चकरदा निवासी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास रखे 20 पौवा अवैध देशी प्लेन शराब जुमला कीमत 1600 रुपए को बरामद कर धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम किया है।

## शराब पिलाने की सुविधा देने पर कार्रवाई

**महासमुंद।** सांकरा पुलिस ने ठेले मे अवैध रूप से लोगो को शराब पिलाने की सुविधा मुहैया कराते हुए अनिल वासुदेव पिता मोहन (27) निवासी लाखागढ़ को पकडा है। पुलिस ने आरोपी पर धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है।

## छात्र के जन्म दिन पर कराया नेवता भोज



**बिरकोनी।** शासकीय नवीन कन्या पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला बिरकोनी में नेवता भोज का आयोजन किया गया। कक्षा सातवीं की छात्रा वैष्णवी साहू पिता रोहित कुमार साहू के जन्मदिन के अवसर पर उनकी माता मनीता साहू द्वारा स्कूल के समस्त छात्र-छात्राओं व साला परिवार को खीर पुरी से नेवता भोज कराया। सभी को खीर पूरी वितरण किया गया। सरस्वती वंदना के बाद पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम में प्रधान पाठक चैन कुमारी साहू, शैल सोनवानी, मंजू साहू, द्रौपदी दीवान, योगेश्वर गिरी, मुकेश प्रजापति, मेघा ध्रुव, धनेश्वरी प्रजापति उपस्थित रहे। रसोइया संतोषी ध्रुवंशी, कुमारी निषाद, जानकी ध्रुवंशी एवं मनीता साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## अग्निवीर भर्ती के लिए कोमाखान में कैंप 9 को

**बागबाहरा।** स्थानीय विद्यालय में 6 मार्च को 1 बजे से 4 बजे तक अग्निवीर भर्ती द्वारा सेना में रोजगार उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से शारीरिक नापजोख और पंजीयन कार्य किया जाएगा। जिसमें विद्यालयीन और गैर विद्यालयीन छात्र, बेरोजगार युवा इच्छुक प्रतिभागी अपने सभी शैक्षणिक योग्यता के साथ जिसमें 10वी पास होना अनिवार्य है के साथ आयु कम से कम 17 वर्ष 6 माह और अधिकतम 21 वर्ष है वे अपनी उपस्थिति देकर शिविर का लाभ ले सकते हैं। कोमाखान के अलावा नर्रा, कसेकेरा, बिंद्रावन, अमेरा, उखरा सुवरमार, देवरी, टेमरी, परसुली खैरट खुर्द आदि गांवों क्षेत्रों से भी प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। उक्त शिविर के लिए विकासखंड नोडल अधिकारी हिरेंद्र देवांगन, समन्वयक गेंदलाल यादव, अनिल पटेल, व्यायाम शिक्षक कामता साहू, रोशनी ध्रुव के अलावा विद्यालय के शिक्षक रहेंगे। प्राचार्य कोमाखान हीरासिंग नायक ने क्षेत्र के सभी युवाओं, छात्र-छात्राओं से शिविर का लाभ लेने अपील की है।

# प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निर्माण श्रमिकों के बच्चों को मिलेगी निःशुल्क कोचिंग

**इस योजना का लाभ उन श्रमिकों को मिलेगा जिनका पंजीयन कर्मकार मंडल में 1 वर्ष पूर्ण हो चुका हो**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा छग भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए निःशुल्क कोचिंग सहायता योजना प्रारंभ की गई है।

श्रम पदाधिकारी आजाद सिंह पात्रे ने बताया कि यह योजना प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है, जिनके द्वारा आर्थिक रूप से पिछड़े, कमजोर होने के कारण श्रमिकों के बच्चे प्रतिभावान एवं योग्य होते हुए भी उच्च शिक्षा एवं शासकीय सेवाओं में नहीं जा पाते। ऐसे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य एवं उन्हें समाज के मुख्य धारा में जोड़कर सक्षम बनाने कोचिंग योजना प्रारंभ की गई है, ताकि श्रमिकों के बच्चे भी कोचिंग कर शासकीय सेवाओं में चयनित हो सके।

इस योजना के अंतर्गत ऐसे निर्माण श्रमिक जिनके पंजीयन को कर्मकार मंडल में 1 वर्ष पूर्ण हो चुका है, स्वयं तथा अपने प्रथम दो बच्चे को जो शैक्षणिक योग्यता रखते हो इस योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त कर सकते हैं।इस योजना के अंतर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे सीजी पीएससी, व्यापम, एसएससी, बैंकिंग, रेलवे, पुलिस इंट्रेस एग्जाम के अंतर्गत समय-समय पर जारी होने वाले प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु न्यूनतम 4 माह से अधिकतम 10 माह तक की अवधि के लिए आवश्यकतानुसार निःशुल्क कोचिंग का अवसर प्रदान किया जाएगा।



### ऑनलाइन से कर सकते आवेदन

योजना का लाभ केवल ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से कर सकते हैं। आवेदक स्वयं, किसी भी च्वाईस सेंटर, श्रमेव जयते मोबाइल एप्प अथवा संबंधित क्षेत्र में श्रम कार्यालय के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। योजना आवेदन हेतु आवश्यक दस्तावेज जैसे हितग्राही की जीवित पंजीयन कार्ड की मूल स्कैन प्रति, आधार कार्ड की प्रति, शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र एवं अंक सूची की प्रति एवं हितग्राही द्वारा स्वघोषणा प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। ऑनलाइन आवेदन के साथ केवल मूल दस्तावेज ही स्कैन कर ऑनलाइन अपलोड किया जाना अनिवार्य होगा।

**कलेक्टर ने बैठक में अधिकारी, तहसीलदार और आरआई - पटवारियों को दिए निर्देश**

# राजस्व रिकार्डों का दुरुस्ती कार्य 24 घंटे में हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने जिले में कार्यरत राजस्व अधिकारियों, तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक पटवारी संख्या की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरण करें। रिकार्ड दुरूस्ती 24 घंटे में हो। राजस्व निरीक्षक आरआई अपने अधीनस्थ पटवारी के ऑनलाइन और उनके पास कार्यालयीन भौतिक दस्तावेज रिकार्ड को दुरूस्त कराएं।

कलेक्टर ने कहा कि किसी भी राजस्व प्रकरण में आवश्यकतानुसार ही पेशी की तारीख दें। उन्होंने कहा कि ऐसे अधिकारी जो अधीनस्थ न्यायालय की जांच करते हैं वे जांच सही हो। जांच ऐसी होनी चाहिए कि जिससे व्यवस्था में सुधार हो। कलेक्टर श्री साहू ने बैठक में सीमांकन, बटांकन, जाति, निवास, आय, अविवादित खाता विभाजन, विवादित खाता विभाजन, अविवादित नामांतरण, विवादित नामांतरण, डिजिटल हस्ताक्षर, अभिलेख शुद्धता, छुटे हुए खसरा, नक्शा विहीन खसरा, खसरा विहीन नक्शा, संयुक्त खातादार आदि के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की और निर्देश दिए कि सभी कार्य में आज के रिकार्ड और भविष्य में इस प्रकरण का निराकरण शीघ्र करके दें। इसी प्रकार कलेक्टर ने कहा कि ऐसे व्यक्ति जो वर्षों पहले से मृत हैं, तो उनका फौती नामांतरण का कार्य उस मृत के वारिसों का नहीं हैं, पटवारी का काम है कि वो उस मृत व्यक्ति का फौती नामांतरण कराए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर मोनिका वर्मा, एसडीएम बिलाईगढ़ डॉ. स्निग्धा तिवारी, तहसीलदारगण उपस्थित थे।



### लोकसभा चुनाव से पहले मंडी परिसर का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर और एसपी



**भटगांव।** कलेक्टर धर्मेश कुमार और एसपी पुष्कर शर्मा ने लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर मंडी परिसर सारंगढ़ का निरीक्षण किया। कलेक्टर और एसपी ने तीन बड़े हाल, सामग्री वितरण, अन्य निर्वाचन सामग्री के रिकार्ड रूम हेतु हाल, मतगणना के दिन सुरक्षा के तीन स्तर पर बेरिकेटिंग, अधिकारी कर्मचारी, पॉलिटिकल पार्टी के कार्यकर्ताओं, पत्रकारों के आने जाने, जनरेटर, विद्युत, पेयजल आदि के संबंध में अधिकारियो के साथ मंडी परिसर के सभी स्थल का भौतिक निरीक्षण किए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर मोनिका वर्मा ने जिले के मतदान केंद्रों, विधानसभा चुनाव के दौरान किए गए व्यवस्था के संबंध में कलेक्टर और एसपी को जानकारी दीं। निरीक्षण के दौरान एसडीएम बिलाईगढ़ डॉ. स्निग्धा तिवारी, डीएसपी मनीष कुंवर, तहसीलदार आयुष तिवारी, रूपाली मेश्राम, कोमल साहू, एसडीओ पीडब्ल्यूडी विग्नेश कुमार, नगरपालिका सारंगढ़ के इंजीनियर उत्तम कंवर, निर्वाचन पर्यवेक्षक हरिकिशन डनसेना आदि उपस्थित थे।



### कलेक्टर ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**मुड़पार-सरसीवा।** कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू कलेक्टोरेट कक्ष में जिले के नागरिकों की समस्या से अवगत हुए और उन समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर को मिले आवेदकों में अवैध कब्जा, अवैध तोड़फोड़, पिता को जमीन बिक्री रोकने पुत्र द्वारा अड़चन पैदा करना, पेंशन, पीएम आवास, सीसी रोड और नाली निर्माण, श्रम विभाग द्वारा हितग्राहियों के आवेदन को बिना सत्यापन किए निरस्त करने के विरुद्ध आवेदन प्राप्त हुए।



## 63 बच्चों को पिलाई गई पोलियो की खुराक

**गोपालपुर।** स्थानीय आंगनबाड़ी केंद्र में शासन आदेशानुसार 63 बच्चों को पल्स पोलियो पिलाई की खुराक पिलायी गई। दुसरे दिन मितानिन ने घर-घर घुमकर दवा पिलाई।

### आज भी घर-घर जाकर पिलायी जाएगी पोलिया की खुराक

**बिलाईगढ़।** देश भर में 3 मार्च से राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें विकासखंड बिलाईगढ़ में लगभग 31000 बच्चों का लक्ष्य मिला था, पहले दिन 3 मार्च को बूथ में 29133 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जा चुकी है, जो कि पहले ही दिन 90 उपलब्धि मिल चुकी है, बाकि बचे शेष बच्चों को 4 मार्च को टीम के सदस्यों द्वारा घर–घर भ्रमण कर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गयी। खंड चिकित्सा अधिकारी बिलाईगढ़ द्वारा ग्राम चूरेला में भ्रमण किया गया।उन्होंने टीम के सदस्यों को निर्देशित किया कि कोई भी बच्चे छूट ना, घर–घर भ्रमण करें, दीवाल में मार्किंग करें और 5 मार्च को भी टीम के सदस्यों द्वारा घर घर भ्रमण कर पोलियो की दवा पिलायी जाएगी।

## श्रीबाबा देव धाम मंदिर पहुंच मार्ग का समतलीकरण का कार्य जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

11 स्वतंत्रता सेनानी के नाम से विख्यात ग्राम रावन में खेतों के मध्य स्थित पूज्य श्रीबाबा देव धाम मंदिर पहुंच मार्ग का समतलीकरण का कार्य जन सहयोग से जारी है। जानकारी मिली कि आने वाले 8 मार्च को महाशिवरात्रि पर्व पर मेला होना है। सुंदरकांड पाठ भी होना है। कुरदिया, रामादामा तालाब के पार को वाहन चलने योग्य चौड़ीकरण का कार्य प्रारंभ है। उक्त कार्य जन सहयोग में रामरतन पाठक, ललित मंडल, शिवेंद्र सिंह द्वारा जेसीबी मशीन धार्मिक सेवा भाव से नि.शुल्क सहयोग से किया जा रहा है। पूर्व सरपंच पूर्णिमा जागेश्वर, पूरन वर्मा, शेषनारायण पूर्व जनपद सदस्य, पूर्व उपसरपंच टाकेश्वर मानसरोवर, त्रिलोचन सहित ग्राम के संभ्रांत व्यक्ति व गणमान्य नागरिकों का सहयोग मिलने से ग्रामवासी हर्षित है।

## दो पक्षों के बीच मारपीट

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने दो पक्षों के बीच हुए मारपीट के मामले मे केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया है कि ग्राम देवलगढ़ में डॉ. तुलसी दास नायक पिता प्रीतम नायक (32) ग्राम पुटकी डोंगरी, बरगढ़ ओडिशा के रहने वाले ने ताम्रध्वज, दिलीप, नरेश, राजाराम के खिलाफ गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी और बाइक को तोड़फोड़ करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पुलिस रिपोर्ट पर से धारा 294, 323, 506, 427, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है वहीं दूसरे पक्ष में चरण परमार पिता पोखड़िया परमार (50) देवलगढ़ ने बालमुकुंद नायक, चंद्रहास नायक, तुलसी नायक, प्रीतक ग्राम पुटकी डोंगरी झारबद बरगढ़ ओडिशा पर घर अंदर गुसकर गाली गलौज कर हाथ मुक्का एवं डंडे से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराया है। पुलिस ने रिपोर्ट के अधार पर सभी आरोपियों पर धारा 452, 294, 324, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

# मनुष्य को जीवन में हमेशा श्रेष्ठ कार्य करते रहना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ

ग्राम धनसीर में जय सिद्ध बाबा शक्ति पीठ शिवडोंगरी में आयोजित संगीतमयी शिवपुराण कथा यज्ञ में व्यास गद्दी से सुश्री देवकुमारी ने कथा का गुणगान करते हुए बताया कि मनुष्य को यह मानव देह भगवान शिवजी की कृपा से अपना कल्याण करने के लिए मिला है। इसलिए हमेशा मनुष्य को श्रेष्ठ कर्मों को करना चाहिए। मानव देह प्राप्त करके जो देश समाज के हित के लिए कार्य नहीं करता, उसका जीवन कबाड़ के समान है। अपने और अपनों के लिए तो चींटी से लेकर हाथी तक सभी करते हैं। मनुष्य भी जीवन भर यही करता रहा तो फिर मानव देह की क्या सार्थकता है। वहीं मनुष्य श्रेष्ठ है जो मानव देह पाकर पर हित के लिए भी कुछ करते रहता है। कथा का आयोजन ब्रम्हचारी रामेश्वर चौतन्य महाराज एवं ग्रामवासियों के द्वारा विश्वकल्याण हेतु किया गया है।

- **कथाकार देवकुमारी ने कहा - जो मानव समाज और देश हित में कार्य नहीं करता, उसका जीवन कबाड़ के समान है**

देवीजी ने बताया कि, एक बार शेषसायी भगवान विष्णु अपनी शक्ति लक्ष्मीजी तथा अन्य पार्षदों के साथ शयन कर रहे थे। उसी समय ब्रह्मा अपनी इच्छा से वहां पहुंचकर विष्णुजी से पूछा कि तुम कौन हो जो मुझे देखकर भी उद्धत पुरुष के समान सो रहे हो। भगवान विष्णुजी बोले की हे वत्स तुम्हारा कल्याण हो। आओ आसन पर बैठो। ब्रह्मा बोला– हेविष्णु काल के प्रभाव से तुम्हें बहुत अभिमान हो गया है। हे वत्स मैं जगत पितामह और तुम्हारा रक्षक हूं। विष्णुजी बोले हे वत्स यह जगत मुझमें ही स्थित है। तुम व्यर्थ ही दूसरे की संपत्ति को अपना मानते हो ।तुम मेरे नाभि कमल से उत्पन्न हो ।अतः तुम मेरे पुत्र हो। इस प्रकार दोनों ब्रह्मा एवं विष्णु युद्ध करने लगे ।तब निराकार भगवान शंकर विशाल अग्नि स्तंभ के रूप में उन दोनों के मध्य प्रकट हो गए ।विशाल अग्नि स्तंभ को देखकर ब्रह्मा और विष्णुजी आश्चर्यचकित होकर उसकी ऊंचाई एवं जड़ को हम दोनों जांच करेंगे। ऐसा निश्चय कर विष्णुजी सूकर का रूप धारण कर जड़ की खोज में चले एवं ब्रह्मा हंस का रूप धारण करके उसका अंत खोजने के लिए चल पड़े। इसके बाद शिवजी ने ब्रह्मा के घमंड को मिटाने के लिए अपनी भृकुटी के मध्य से भैरव को उत्पन्न किया और आदेश दिया कि अपनी तीक्ष्ण तलवार से इसका वध कर दो। तब भैरव ने एक हाथ से ब्रह्मा के केस को पकड़कर असत्य भाषण करने वाले उसके पांचवें सिर काटकर हाथों से तलवार भांजते हुए उन्हें मार डालने को उद्यत हुए। तब ब्रह्मा ने भैरव के चरणों में गिरकर झूठ बोलने की गलती स्वीकार कर क्षमा मांगने लगा। ब्रह्मा के रक्षा के लिए विष्णुजी भी शंकर जी के चरण कमल में गिरकर ब्रह्माजी के ऊपर दया करने के लिए विनती करने लगे शिवजी ने एक सर से विहीन ब्रह्मा से कहा तुम श्रेष्ठता पाने के चक्कर में झूठ का सहारा ले रहे थे इसलिए संसार में तुम्हारा सत्कार नहीं होगा। तुम्हारे मंदिर तथा पूजन उत्सव आदि नहीं होंगे



### कर्तव्य करते समय का सदुपयोग करें

इस तरह तात्कालिक लाभ या स्वार्थ पूर्ति हेतु असत्य भाषण करने का परिणाम अंततः दुखदाई होता है। इसलिए झूठ का सहारा नहीं लेना चाहिए। समाज में सम्मान पाने के लिए अपने नियत कर्तव्य कर्मों को करते हुए उपलब्ध 24 घंटे का सद्दुपयोग करना चाहिए। अपना एक लक्ष्य निर्धारित कर शरीर स्वास्थ्य को ठीक रखते हुए नियमित लगन के साथ कठिन परिश्रम करने से व्यक्ति को लक्ष्य की प्राप्ति होती है। लक्ष्य मिलने से व्यक्ति का समाज में सम्मान होता है। इसलिये हमेशा उन्नति के लिए कठिन परिश्रम एवं सत्य का सहारा लेना चाहिए।

**पं. अनिल शुक्ला ने भगवान के विभिन्न अवतारों की कथा सुनाई**

# प्रत्येक प्राणी को भोगना पड़ता है कर्मों का फल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

नगर में राज महल प्रांगण में राजपरिवार द्वारा संकल्पित विष्णु महापुराण ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस पं. अनिल शुक्ला बसहा ने भगवान के विविध अवतारों की कथाओं का विस्तार पूर्वक वर्णन सुनाया। उन्होंने बताया कि महाराज प्रियव्रत ही परम प्रतापी राजा हुए, जिन्होंने पृथ्वी को सात भागों में विभक्त कर सात द्वीपों का एवं सात सागरों का निर्माण किए। उन्हीं के कुल में भगवान का ऋषभ नारायण के रूप में अवतरण हुआ। भगवान ऋषभदेव सांसारिक जीवों की मुक्ति के लिए एक दिव्य सूत्र बताए कि अहिंसा परमो धर्म। कोई भी मन, वचन और कर्म से अहिंसा व्रतधारी बन जाए तो उसके द्वारा उसकी मुक्ति संभव है। भगवान ऋषभदेव के पुत्र हुए महाराज भरत, परम प्रतापी राजा भरत के कारण ही यह पावन भूमि भारत वर्ष के नाम से सुशोभित हुई, लेकिन महाराज भरत को मुक्ति बनाने में तीन जन्म लग गये। अंतिम जन्म में जड़भरत बनकर अंत समय में नारायण का ध्यान लगाकर मुक्त हुए।

उन्होंने खगोल, भुगोल का विस्तार पूर्वक वर्णन सुनाया। साथ-साथ कर्मफल भोग के स्थान स्वर्ग और नरक का वर्णन सुनाया। महाराज ने बताया कि प्रत्येक प्राणी को अपने शुभ और अशुभ कर्मों का फल अवश्य भोगना पड़ता है। बिना भोगे किसी भी जीव की मुक्ति संभव नहीं है। जीवों की यही कर्म फल भोग का स्थान ही स्वर्ग और नरक है। राजमहल प्रांगण में चल रही विष्णु महापुराण की कथा श्रवण हेतु नगर के श्रोताओं की नित्य उपस्थिति हो रही है। संकल्पकर्ता बिलाईगढ़ स्टेट राजा साहब परम श्रद्धेय ओंकारेश्वर शरण सिंह द्वारा आगंतुक भक्तों के लिए भोजन प्रसाद भंडारा की नित्य व्यवस्था की गई है तथा कथा श्रवण हेतु भक्तों से आग्रह किया गया है।



